


## एक नजर में

### पूर्व मंत्री स्व .तनवन्त सिंह कीर की धर्मपत्नी इन्दरवीर कीर का निधन



**बुरहानपुर ।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री स्व.तनवन्त सिंह कीर जी की धर्मपत्नी श्रीमती इन्दरवीर कीर का 81वर्ष की आयु में दिनांक 03 अक्टुबर 2025 शुक्रवार को भोपाल में सुबह स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सायं भोपाल में ही कर दिया गया। आपके निधन पर भारी संख्या में जनप्रतिनिधी एवं समाजबंधुओ ने उपस्थित रहकर शोक श्रंद्धाजली अर्पित की।

### अर्चना चिटनिस ने शस्त्र पूजन कर दी विजयादशमी की शुभकामनाएं



**बुरहानपुर ।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदी ने विजयादशमी पर्व के अवसर पर बुरहानपुर पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान हर्ष फायर किया गया। कुम्हड़ा की सांकेतिक बलि देकर शस्त्र पूजन की परंपरा निभाई। पूरे परिसर में आस्था और उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, नेपानगर विधायक सुश्री मंजू राजेन्द्र दादू, कलेक्टर हर्षसिंह, जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार, महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, सीएसपी गौरव पाटील, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को एवं पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी.कर्मचारीगण उपस्थित रहे। श्रीमती चिटनिस ने कहा शस्त्र पूजन वास्तव में हमारी संस्कृति है। शस्त्र पूजन हमारी संस्कृति में हमेशा से ही रहा है। हम मां की आराधना के बाद शक्ति अर्जित करते हुए समाज में फैली दुरावस्थाओं को समाप्त करने के लिए शस्त्र पूजन करते हैं। आज हमने शस्त्र पूजन के साथ समाजए पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मैं सभी से आह्वान करती हूं कि वे समाजए प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प लें। हम सबके आराध्य भगवान श्रीराम ने समाज के आततायियों को समाप्त करने के लिए शस्त्र उठाया था। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी ने शस्त्र पूजन की जो परंपरा शुरू की हैए उससे समाज के सभी लोग जुड़ें। श्रीमती चिटनिस ने विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। विजयादशमी पर्व भगवान श्रीराम की रावण पर अभूतपूर्व विजय का उत्सव हैए जो हमें हर तरह की बाधाओं के बावजूद कर्तव्य पथ पर अड़िग रहने की प्रेरणा देता है।

### बुरहानपुर में हुआ गांधी शांति पदयात्रा का आयोजन





**बुरहानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर गांधी जी के प्रिय भजन तथा हमारा मंत्र जय जगत,हमारा लक्ष्य विश्व शांति के आकर्षक और रचनात्मक नारों के साथ मध्य प्रदेश गांधी विचार सेवा समिति जिला सर्वोदय मंडल गांधी ग्लोबल फैमिली द्वारा गांधी शांति पदयात्रा का आयोजन हुआ । स्वतन्त्रता आंदोलन की विरासतए शांति, सदभाव अहिंसा व मानवीय मूल्यों के लिए एक कदम गांधी के साथ गांधी शांति पदयात्रा रामधुन, वैष्णव जन तो तेने कहिए, हम सब की कामना सद्भावना, सब धर्मों का हो सम्मान . मानव मानव एक समान जैसे रचनात्मक नारों और संदेश के साथ बुरहानपुर के गांधी विचार केंद्र गांधी भवन के प्रांगण से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा पर पहुंची जहां बड़ी संख्या में नगर के तमाम गांधी वादी विचारकों, गांधी वादी संगठनो,सर्वोदयी कार्य कर्ता सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओ ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प और खादी के सूत की माला से माल्यार्पण कर गांधी प्रतिमा को नमन किया । इस अवसर पर गांधी शांति समिति के अध्यक्ष तफज्जुल हुसैन मुलायमवाला ने पदयात्रा में सम्मिलित सभी गांधी जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी का विचार और अहिंसा हमे आत्मबल देती हैं और इसीलिए हिंसा और भौतिक जीवन की अशांति के इस दौर में गांधी का विचार और दर्शन को समझना सभी के लिए महत्वपूर्ण हो जाता हैं।

### लायंस क्लब बुरहानपुर ने किया सेवा सप्ताह का शुभारंभ



**बुरहानपुर।** लायन्स क्लब बुरहानपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और शास्त्री जंयती के अवसर पर गांधी जी एंव शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। जिसमें भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफलायन डॉ. आई. एल. मूंदड़ा बुरहानपुर के पूर्व विधायक लायन ठाकुर सुरेन्द्रसिंहजी, लायंस क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश देवड़ा, प्रथम उपाध्यक्ष लॉयन श्रीमती तारिका सिंह ठाकुर, द्वितीय उपाध्यक्ष लॉयन सुशील माहेश्वरी, तृतीय उपाध्यक्ष लॉयन डॉ. राजेन्द्र चापोरकर, सचिव लॉयन एजाज गफ्फार खान, कोषाध्यक्ष लॉयन श्रीमती पुष्पा मूंदड़ा, सह कोषाध्यक्ष लॉयन विलास बडे,एमजेएफ लॉयन संतोष श्राफ, एमजेएफलॉयन डॉ. हूमायू दाऊद, लॉयन हमीदुदीन काजी, लॉयन महेश जोशी, लॉयन आजम राही लॉयन ठाकुर आदित्यवीर सिंह आदि लायनसाथी उपस्थित रहे।

### डॉ .सुरेन्द्र जैन भारती पुरस्कृत



**बुरहानपुर।** जैनधर्म एवं दर्शन के प्रख्यात मनीषीए कर्मयोगी प्रोण् सुरेन्द्र जैन भारती को अशोकनगर में आयोजित राष्ट्रीय विद्वत्संगोष्ठी एवं अधिवेशन में अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद् के तत्वावधान में श्रमण शिरोमणि जगत्पूज्य निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज, क्षुल्लकगौरव श्री गंभीरसागर जी वर्णी, क्षुल्लक श्री वरिष्ठसागर जी,क्षुल्लक श्री विदेहसागर जी महाराज के सान्निध्य में श्री राजेन्द्र नाथूलाल जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, सूरत की ओर से श्री ज्ञानेन्द्र जैन,मधु जैन, प्रांजुल जैन, संयम जैन ने 21000रुपए की राशि के साथ शाल,श्रीफल,मोतीमाल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर पुरस्कृत किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रो.जैन सेवासदन महाविद्यालय में हिन्दी विभाग एवं हिन्दी शोध केन्द्र के अध्यक्ष है। आपने अब तक कुल 160 ग्रन्थों का लेखन एवं सम्पादन किया है।

# 309 प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने 3 करोड़ 38 लाख की राशि जारी

**बुरहानपुर में प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव से अर्चना चिटनिस ने पुन : रखी मांग।**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के लिए प्रभावित कृषकों को राहत राशि का वितरण किया। बुरहानपुर जिले के 309 प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 3 करोड़ 38 लाख से अधिक की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके खातों में अंतरण की। बुरहानपुर के एनआईसी कक्ष से वीडियों कांफ्रेसिंग में कलेक्टर हर्षसिंह, जिल पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कृषकगण उपस्थित थे। इस दौरान डॉण्मोहन यादव ने बुरहानपुर के प्रभावित किसानों से संवाद किया। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए बुरहानपुर जिले में उद्यानिकी फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा में सम्मिलित करने के विषय को प्राथमिक से देखने का आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु प्रक्रियाधीन है।

**अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का माना आभार:-** श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक राहत बुरहानपुर के किसान पांडुरंग विठ्ठल को 3 लाख 60 हजार रूपए राहत राशि प्राप्त हुई है। श्रीमती चिटनिस ने किसानों की ओर से मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री जी ने किसानों का दर्द समझा और उन्हें राहत राशि प्रदान की। प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता राशि जारी होने से किसान खुश है। चिटनिस ने कहा कि यह मुआवजा न केवल किसानों की अगली फसल की तैयारी में सहारा बनेगा बल्कि यह भाजपा सरकार की किसान.हितैषी सोच का प्रतीक भी है। श्रीमती चिटनिस ने उन सभी जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्य को समय पर पूरा किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गांवए गरीब और किसानों की चिंता की है। कृषि कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। केन्द्र और राज्य सरकार ने जो कहा वह किया है। पूर्व सरकार और वर्तमान सरकार के कार्यों में जमीन.आसमान का अंतर है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि दिन.रात मेहनत करने के बाद प्राकृतिक आपदा से फसल बर्बाद हो जाए तो ऐसे में किसान के दर्द का अंदाजा कोई और नहीं लगा सकता है। संकट की इस घड़ी में, भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा किसानों के साथ रहती है। केले की फसल की 50 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 2 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से राहत राशि दी जा रही है। हमने केला फसल की हानि पर अधिकतम दी जाने वाली राशि की सीमा को रूपए 3 लाख से बढ़ाकर रूपए 6 लाख किया है। यह किसानों की सरकार है। श्रीमती चिटनिस ने कहा किए हमारी सरकार ने हमेशा किसानों की चिंता की है। किसानों पर जब भी संकट आया, भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के संकट में उनके साथ खड़े रहती है।

**अगस्त.सितंबर 2025 को आंधी,तूफान और अधिक वर्षा के कारण फसलों को हुआ था नुकसान :-** श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर जिले में 27.28 अगस्त तथा 16.17 सितंबर 2025 को आयी आंधी तूफान के चलते केला फसल को काफी नुकसान हुआ था। इस दौरान तत्काल सर्वे दल का गठन कर फसल नुकसानी का सर्वे कार्य किया गया तथा आरबीसी 6.4 के तहत फसल नुकसानी के प्रकरण तैयार करते हुए शासन स्तर पर प्रकरणों को प्रेषित करने की कार्यवाही की गई। जिसके फलस्वरूप प्रभावित किसानों के खातो में राशि का वितरण किया जा सका।

433 किसानों को सितंबर 2025 में 5 करोड़ से अधिक की राहत राशि की थी प्रदान:-श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि बुरहानपुर जिले में 27 मई और 29 जुलाई 2025 में अंधड़ए आंधीए तूफान से नुकसान हुआ था। सितंबर 2025 डॉण्मोहन यादव ने वीडिया कांफ्रेसिंग के माध्यम से बुरहानपुर विधानसभा के 33 गांवों के 433 प्रभावित किसानों को फसल नुकसानी ;केला एवं अन्य फसलोंद्ध के लिए 5 करोड़ 1 लाख 47 हजार 671 रूपए की राहत राशि प्रदान की गई थी। इसी प्रकार मई.जून वर्ष 2024 में भी बुरहानपुर जिले में अंधड़, आंधी. तूफान से प्रभावित केला फसल को जुलाई 2024 में लगभग 65 करोड़ रूपए का मुआवजा वितरित किया गया था।

## बालाजी महाराज को लगाया दराबे व चुड़वे का भोग



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शुक्रवार को बालाजी महोत्सव के 12 वे दिन श्री जी का ताप्ती नदी के सतीयारा घाट पर मेला लगना था। लेकिन सतीयारा घाट पर जल स्तर सामान्य न होने के कारण मेला मंदिर परिसर मे ही लगा। मंदिर परिसर मे ही शुक्रवार शाम मे श्री जी का ताप्ती जल से 21ब्राम्हणो के मंत्रो के बीच कुम्भाभिषेक कर दराबा और चुड़वे का भोग लगाया गया। शाम 7.30 बजे से शुरू हुआ अभिषेक 9.30 बजे तक चलता रहा। श्रीजी का मनोहारी श्रृंगार कर दराबा और चुड़वे का भोग लगाया गया।

इसके यजमान वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश अग्रवाल परिवार रहे। अंत में शयन आरती के बाद मेले के पहले दिन के अनुष्ठान की पूर्णाहुति हुई। 3 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह सतीयारा घाट पर ताप्ती नदी का जल स्तर सामान्य नहीं रहा । इसलिए मेला 3 अक्टूबर को मंदिर परिसर में ही लगा। जो 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक मंदिर परिसर मे ही रहेगा । 2008, 2019,2022 मे भी मेला नहीं लगा था । 2022मे भी सतियारा घाट पर ताप्ती नदी का जल स्तर बढ़ा होने से मेला नहीं लगा था। और इस वर्ष 2025 मे भी वही स्थिति है। 4 अक्टूबर को सुबह से श्री जी का विशेष अभिषेक मंदिर परिसर में ही संपन्न होगा और शाम 6.00 बजे से बालाजी महाराज मंदिर मे ही भक्तो को दर्शन देंगे।

**बड़े रथ पर निकलें बालाजी महाराज:-** दशहरे के अवसर पर गुरुवार को बालाजी महाराज बड़े रथ सात मुँह वाले धोड़े वाहन पर निकलें। यह बड़ा रथ सालभर में केवल दशहरे पर ही निकलता है। रथयात्रा शाम 6बजे मंदिर से निकलकर पाण्डुमल चौराहा, गांधी चौक, फव्वारा चौकए शनि मंदिर पहुंची । शनि मंदिर स्थित एक भक्त के निवास पर बालाजी महाराज की प्रतिमा को रथ से उतारा गया और दशहरे पर शम्मी के पत्ते का विशेष महत्व होने से श्री जी का शम्मी पूजन किया गया। शम्मी पूजन के बाद रथयात्रा पाण्डुमल चौराहा होते हुए मंदिर पहुंची । जय बालाजी जय गोविंदा के जय धोष के बीच भक्तो का उत्साह रहा। भारी पुलिस बल के बीच रथयात्रा मंदिर पहुंची। दशहरे के दिन शम्मी के पत्तों का विशेष महत्व रहता है। इसलिए एक भक्त के निवास पर श्रीजी की प्रतिमा को रथ से उतारकर विशेष पूजन व मंत्रोच्चार के बीच शम्मी पूजन किया गया।

## लायंस क्लब द्वारा वृद्धजनों को भोजन एवं फल वितरित



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** लायन्स क्लब बुरहानपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत 03 अक्टूबर को फूड फोर हंगर कार्यक्रम के अंतर्गत अटल रैना बसेरा डाकवाडी स्थित वृद्धाश्रम में रोटी बैंक के माध्यम से वृद्धजनों को भोजन कराया गया एवं फल वितरण किये गये।

इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश देवड़ा, प्रथम उपाध्यक्ष लॉयन श्रीमती तारिका सिंह ठाकुर, तृतीय उपाध्यक्ष लॉयन डॉ. राजेन्द्र चापोरकर, सचिव लॉयन एजाज गफ्फार खान, कोषाध्यक्ष लॉयन श्रीमती पुष्पा मूंदड़ा, प्रोजेक्ट चेयरमेन लायन सतीष अग्रवाल, लायन मनीष पटेल, लायन आजम राही, लायन हसमुखलाल जरीवाला सहित अन्य लायनसाथी व रोटी बैंक के संचालक संयजसिंह षिन्दे उपस्थित रहे।

## सफाई मित्र समाज के अदृश्य नायक हैं : पूर्व मंत्री चिटनिस




**नवभारत न्यूज,** शाहपुर। सफाई मित्र समाज के अदृश्य नायक हैं, जिनके अथक प्रयासों से हमारा परिवेश स्वच्छ और सुरक्षित रहता है। हम सभी लोग जिस स्वच्छ वातावरण में पढ़ते.लिखते और कार्य करते हैं, उसकी नींव हमारे सफाई मित्र रखते हैं। वे समाज के वास्तविक हीरो हैं,जिनका योगदान अक्सर अनदेखा रह जाता है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करें। उक्त वक्तव्य विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर के शाहपुर में सफाई मित्रों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी वातावरण तक सीमित नहीं है,बल्कि यह स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर परिषद शाहपुर में बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पखवाड़े के समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सफाई मित्रों को प्रमाण.पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शपथ ली। इस अवसर पर शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, गोपाल चौधरी, पार्षद ताजू भाई, अरूण चौधरी, विनोद चौधरी, पंकज राउत, सीएमओ दिलीप चौहान, मंडलाध्यक्ष आकाश राखोंडै, रवि जैन, उमेश महेश्री आदि थे।

## नगर कांग्रेस कमेटी ने मनाई महात्मा गांधी, शास्त्री जयंती



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** 2 अक्टूबर को नेपानगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों,समाजसेवियों, नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर ग्रामीण रविंद्र महाजन ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग से सम्पूर्ण विश्व को नई दिशा दी। वहीं शास्त्री जी ने जय जवान,जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता और परिश्रम का संदेश दिया। आज के दिन हम सभी को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने व समाज में सद्भावए एकता और सेवा भाव को बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल, मराठा समाज अध्यक्ष राजू दामु पाटिल, डॉक्टर विनोद पाटिल, राजेश पटेल, जगमीत सिंह जॉली, नीलकंठ ढोके, प्रकाश सिंह बेस, जितेंद्र साहूकारे, लालचंद पटेल, अंबादास सोनवनेए पंकज मदन्ना जी एवं समस्त साथी उपस्थित रहे। इस दौरान रामदास महाजन, लालचंद पटेल,ओम यादव, पांडूरग आमले, पांडूरग रायसिंह का शाल, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। संचालन व आभार प्रकाश सिंह बैस द्वारा किया गया।

## कैंसर पीड़ित महिला को शैली कीर ने धर्मपत्नी हरप्रीत के जन्मदिन पर दी इलाज हेतु आर्थिक सहायता



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी शैली कीर द्वारा अपनी धर्मपत्नी हरप्रीत कीर के जन्मदिन के उपलक्ष में कैंसर पीड़ित एक महिला को उसके इलाज में हो रही दिक्कत को देखते हुए दवाइयां हेतु आर्थिक सहायता दी गई पीड़ित महिला पिछले 8 ७9 महीने से इस बीमारी से जूझ रही है आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण वह बराबर अपना इलाज नहीं कर पा रही है इसी को देखते हुए विगत कहीं वर्षों से अपने परिवार के जन्मदिन पर दीन दुखियों और जरूरतमंदों की सेवा कर रहे शैली कीर ने कुछ आर्थिक मदद दवाइयां हेतु दिया । पीड़ित महिला के पति लूम चलाने का काम करते हैं पीड़ित महिला का इलाज जलगांव मुंबई में चल रहा है पीड़ित महिला को आर्थिक सहायता मिलने पर उसने कीर परिवार का धन्यवाद किया और समाज से ऐसे लोगों को मदद करने की अपील की एआर्थिक सहायता देते समय पीड़ित महिला के पति सगे संबंधी एवं हरप्रीत कीर आदि उपस्थित थे।

## शाहपुर प्रखंड मातृशक्ति दुर्गावाहिनी का शस्त्र पूजन, त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** सर्वप्रथम भारत माता राम दरबार पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ ए जिसमें मंचासीन कार्यक्रम की अध्यक्षा श्री मति अलका महाजन ,विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति खंडवा जिले की उपाध्यक्षा मनीषा पाटिल ब्रह्मपुर मातृशक्ति जिला सयोजिका संगीता दीदी दुर्गावाहिनी जिला सयोजिका दीपिका सोनी , संचालन दीपिका महाजन ने किया। विजय दशमी के पावन पर्व पर ग्राम खामनी में जहां मां वैष्णवी देवी का दरबार लगा हे, उसी प्रांगण में शस्त्र पूजन व त्रिशूल दीक्षा वैध मंत्र सहित शस्त्रों का पूजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता मनीषा दीदी ने बताया कि एएविहिप की स्थापना 1964 में मुंबई के पवई में हुई और युवती संगठन दुर्गा वाहिनी की स्थापना 1991 में पूज्य साध्वी ऋतम्भरा दीदी द्वारा किया, जिसमें आज लाखों युवतियों को शक्ति,चारित्र्य,देशभक्ति, आत्मविश्वास,कर्तृत्व तथा कर्तव्य के भाव से प्रेरित करने का कार्य दुर्गा वाहिनी कर रही है। सेवा,सुरक्षा तथा संस्कार के हजारों कार्य दुर्गा वाहिनी के माध्यम से देश भर में चल रहे है! विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति.दुर्गा वाहिनी का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यो के लिए मातृशक्ति को प्रेरित करना और महिलाओ को शारीरिकए मानसिक रूप से प्रबल बनाना।

विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ब्रह्मपुर जिले में कई स्थानों पर शस्त्र पूजन किया गया। जिसमें शस्त्र पूजन के दौरान बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सज्जन शक्ति के संवर्धन के लिए एवं दुर्जनों के सहांर के लिए हमेशा तत्पर है। जो जिस भाषा में समझेगा बजरंगदल उसी भाषा में समझाएगा ए दिनेश राठौड़ जिला प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि एवक्ता मनीषा दीदी ने गरजते हुवे कहा कि जिले में लव जिहाद को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे सनातन में शस्त्र एवं शास्त्र दोनों का महत्व है। देवी देवताओं ने शस्त्र धारण किए हुए हैं। जिससे शस्त्र पूजन का महत्व और अधिक बढ़ता है। माला और भाले की परंपरा अनादि काल से रही है।

इस दौरान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष माननीय संतोष जी पंडित जिला मंत्री युवराज जी पाटिल ए प्रखंड मंत्री दिवाकर जी संयोजक पांडुरंग जी मोतेकर व समाज के वरिष्ठ गण दुर्गा वाहिनि के साथ मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**एक नजर** मेक्रो विज़न एकेडमी के अनहद आनंद ऑडिटोरियम में दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया

## 51 फीट रावण का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का दशहरा मनाया, गूंजे जयश्री राम के नारे





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** बुरहानपुर में विजयादशमी पर जिले का सबसे बड़ा दशहरा उत्सव रेणुका माता मंदिर के सामने दशहरा मैदान पर हुआ। यहां दशहरा उत्सव समिति ने 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया। इस भव्य आयोजन को देखने 20 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ी और मैदान श्जय श्रीरामश् के नारों से गूंज उठा। जैसे ही रावण में आग लगाई गईए आकाश आतिशबाजी से जगमगा उठा और हजारों दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्सव का आनंद लिया। आयोजन स्थल पर भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस ने जगह.जगह बैरिकेड्स लगाए और पार्किंग की अलग. अलग व्यवस्था की। इस मौके पर खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक अर्चना चिटनिस,महापौर माधुरी अतुल पटेल, कांग्रेस नेता अजय सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक हमीद काजी, ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया और रिंकू टाक सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**मेक्रो विज़न एकेडमी में दशहरा उत्सव:-** मेक्रो विज़न एकेडमी के अनहद आनंद ऑडिटोरियम में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ दशहरा का त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गर्मजोशी से भरे उद्घाटन और मेहमानों के स्वागत के साथ हुईए उसके बाद दीप प्रज्वलन समारोह हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें एमवी, हॉपर, नाटक . रेड फ्लैग साइबर,गीत . मैशअप बॉलीवुड नृत्य . प्रतीक्षा, संगीत मैशअप, कव्वाली, गीतनृत्य . प्रेमलीला 2.0, नाटक . अंतर्ध्वनि, नृत्य . रावण, संगीत मैशअप . गीत,छात्रों द्वारा नृत्य, नाटक . छात्रों द्वारा, नृत्य . त्रेता युग का अंत,महाकाली नृत्य और रामलीला का मंचन किया।

विद्यालय के प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने विजयादशमी का महत्व बताया। जिसमें भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का दृश्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें यह संदेश दिया कि सत्य की सदैव विजय होती है और असत्य का अंत निश्चित है।

एकेडमी के संस्थापक एवं चैयरमेन आनंद प्रकाश चौकसे जी ने सभी को एक अभिप्रेणात्मक भाषण दिया, जिसमें दैनिक जीवन में दशहरा के संदेश के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने अपने भीतर के राक्षसों पर काबू पाने के बारे में बात की . चाहे वह क्रोध हो, ईर्ष्या हो या अहंकार . और छात्रों को ईमानदारी के साथ उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। दशहरा पर्व का महत्व समझाते हुए विद्यार्थियों से बुराइयों को त्यागकर सद्गुण अपनाने का आह्वान किया।